सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 221 | इंदौर, मंगलवार 24 फरवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## सीएम ने हलाली डेम में 5 लुप्तप्राय गिद्धों को किया मुक्त, आधुनिक तकनीक से होगी निगरानी




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को हलाली डेम के जल क्षेत्र में लुप्तप्राय प्रजाति के पांच गिद्धों को प्राकृतिक आवास में मुक्त किया। इनमें चार भारतीय गिद्ध (जिप्स इंडिकस) और एक सिनेरियस गिद्ध (एजिपीयस मोनाकस) शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण और सहयोगी पशु-पक्षियों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश देश में गिद्ध संरक्षण के क्षेत्र में अग्रणी है और यहां प्रवासी गिद्धों सहित विभिन्न प्रजातियां पाई जाती हैं।

इन गिद्धों को भोपाल स्थित गिद्ध संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र में अनुकूलन और निगरानी की अवधि पूरी करने के बाद छोड़ा गया। सभी पक्षियों को उच्च परिशुद्धता वाले जीपीएस-जीएसएम उपग्रह ट्रांसमीटर से लैस किया गया है, ताकि उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। टैगिंग प्रक्रिया वाइल्डलाइफ एसओएस के वन्यजीव पशु चिकित्सकों की देखरेख में संपन्न हुई। यह पहल मध्य भारत के विकसित हो रहे 'गिद्ध परिदृश्य' को समझने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। वन विभाग ने डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया और बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी के सहयोग से गिद्धों की निगरानी के लिए उपग्रह टेलीमेट्री कार्यक्रम भी शुरू किया है। इससे गिद्धों के आवागमन, भोजन क्षेत्रों, पड़ाव स्थलों और मानव-जनित खतरों की पहचान में मदद मिलेगी। बिजली के झटके, विषाक्तता और आवास क्षरण जैसे जोखिम वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर प्रभावी संरक्षण रणनीति तैयार की जा सकेगी।

गिद्ध पारिस्थितिकी तंत्र में प्रकृति के सफाईकर्मी की भूमिका निभाते हैं और बीमारियों के प्रसार को रोकने में मददगार होते हैं। हाल ही में वल्चर एस्टिमेशन-2026 के दौरान दक्षिण पन्ना वन प्रभाग में एक हजार से अधिक गिद्धों का अवलोकन किया गया, जो प्रदेश में उनकी बढ़ती संख्या का संकेत है। कार्यक्रम में वरिष्ठ विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने वन विभाग और स्थानीय प्रशासन को गिद्ध संरक्षण के प्रयासों के लिए बधाई दी।

## यूथ कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब गिरफ्तार, AI समिट में कराया था शर्टलेस प्रदर्शन



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किए गए एआई इंपैक्ट समिट के दौरान शर्टलेस प्रदर्शन के सिलसिले में दिल्ली पुलिस ने आज इंडियन यूथ कांग्रेस चीफ उदय भानु चिब को भी गिरफ्तार कर लिया है। उदय भानु की गिरफ्तारी के मद्देनजर तिलक मार्ग थाने के बाहर भारी सुरक्षा तैनात किया गया है। कांग्रेस ने उदय भानु चिब की गिरफ्तारी का कड़ा विरोध किया है।

तिलक मार्ग थाना पुलिस ने सोमवार को युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब को पूछताछ के लिए बुलाया था। करीब 20 घंटे चली पूछताछ के बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि वह पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे थे। उन्हें आज पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया जाएगा। बता दें कि, शुक्रवार को यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता के एक ग्रुप ने AI इम्पैक्ट समिट के दौरान भारत मंडपम में घुसकर अपनी शर्ट उतारकर प्रोटेस्ट किया, जिन पर 'PM कॉम्प्रोमाइज्ड' के नारे लिखे थे।

दिल्ली पुलिस ने पिछले सप्ताह आयोजित 'एआई इम्पैक्ट सम्मेलन' के दौरान युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा शर्टलेस विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में सोमवार को ग्वालियर से तीन और व्यक्तियों को गिरफ्तार किया था। उदय भानु चिब की गिरफ्तारी के बाद इस मामले में अब तक कुल 8 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। दिल्ली पुलिस द्वारा इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 196 और धारा 197 के तहत मामले दर्ज किए हैं।आरोपियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर में समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय अखंडता के लिए हानिकारक दावे करने सहित अन्य आरोप लगाए गए हैं।

## रांची-दिल्ली एयर एम्बुलेंस हादसे में सभी 7 लोगों की मौत

### झारखंड के चतरा में हुआ हादसा



**चतरा, (एजेंसी)** झारखंड के चतरा जिले में सिमरिया के पास सोमवार शाम को रांची से दिल्ली जाते समय एयर एम्बुलेंस के क्रैश होने का मामला सामने आया था। मामले में आए नए अपडेट में पता चला है कि विमान में सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई है. पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य सरकार के एक बड़े अधिकारी ने यह जानकारी दी है.

यह क्रैश रेडबर्ड एयरवेज प्राइवेट लिमिटेड के एयरक्राफ्ट के रांची एयरपोर्ट से शाम 7.11 बजे उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हुआ.

चतरा की डिप्टी कमिश्नर कीर्तिश्री ने PTI को बताया, 'एयर एम्बुलेंस में सवार सभी सात लोगों की क्रैश में मौत हो गई. प्लेन रांची से दिल्ली जा रहा था.' उन्होंने कहा, 'एयरक्राफ्ट शाम करीब 7.30 बजे गायब हो गया था. यह सिमरिया के बरियातू पंचायत इलाके में क्रैश हुआ.' SDPO शुभम खंडेलवाल ने PTI को बताया कि प्लेन में सवार सभी सात लोगों के शव निकाल लिए गए हैं. उनकी पहचान कैप्टन विवेक विकास भगत, कैप्टन सवराजदीप सिंह, संजय कुमार, डॉ. विकास कुमार गुप्ता, सचिन कुमार मिश्रा, अर्चना देवी और ध्रुव कुमार के तौर पर हुई है. DGCA की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली की नॉन-शेड्यूल्ड ऑपरेटर रेडबर्ड के फ्लीट में छह एयरक्राफ्ट हैं, जिसमें क्रैश हुआ एयरक्राफ्ट भी शामिल है. रांची के देवकमल हॉस्पिटल के CEO अनंत सिन्हा ने PTI को बताया कि एयर एम्बुलेंस का इंतजाम उनके एक मरीज ने किया था.

## दिल्ली में आपात लैंडिंग, चिंगारी दिखने के बाद उतारनी पड़ी 150 यात्रियों वाली उड़ान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** इंजन में खराबी के कारण दिल्ली से लेह जा रही फ्लाइट को वापस दिल्ली लौटाए जाने की खबर है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि मंगलवार सुबह लेह जाने वाले स्पाइसजेट के एक विमान को राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षित उतारा गया। फ्लाइट नंबर एसजी121 में लगभग 150 लोग सवार थे। इसका संचालन बोइंग करती है। आपात लैंडिंग से जुड़ी रिपोर्ट्स के मुताबिक बोइंग 737 मॉडल के इस विमान में चिंगारी देखे जाने के बाद इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इस मामले में स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने बताया कि मंगलवार को दिल्ली से लेह जाने वाली फ्लाइट में तकनीकी खराबी के कारण विमान को दिल्ली लौटाना पड़ा। प्रवक्ता के अनुसार, आपात लैंडिंग से पहले कॉकपिट में आग लगने की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक विमान दिल्ली में सुरक्षित रूप से उतार लिया गया। सभी यात्री और क्रू के सदस्य सुरक्षित हैं। सूत्रों के अनुसार, विमान के इंजन में खराबी आ गई थी।

# शहर के चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में एयर पॉल्यूशन कम करने के लिए विशेष एक्शन प्लान

## एयर क्वालिटी एक्शन प्लान की मॉनिटरिंग संबंधी समीक्षा बैठक सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से आज कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में एयर क्वालिटी एक्शन प्लान की मॉनिटरिंग संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वायु प्रदूषण के प्रमुख कारणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए एयर क्वालिटी सुधार हेतु प्रभावी उपायों पर चर्चा की गई तथा संबंधित विभागों को समन्वित रूप से कार्य करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।**



बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर की सड़कों का नियमित मेंटेनेंस किया जाए, जिससे सड़क से उड़ने वाली धूल को नियंत्रित किया जा सके और शहर की हवा स्वच्छ बनी रहे। समीक्षा में बताया गया कि रोड डस्ट वायु प्रदूषण का प्रमुख कारण है, इसलिए इसे कम करने के लिए निरंतर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही पराली जलाने की घटनाओं को रोकने एवं इसके प्रभावी समाधान के लिए आईआईटी इंदौर और कृषि विभाग संयुक्त रूप से कार्य कर रहे है।

बताया गया कि शहर के चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में एयर पॉल्यूशन कम करने के लिए विशेष एक्शन प्लान लागू किया जा रहा है। धूल प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से शहर की मुख्य सड़कों पर एंड-टू-एंड रोड पेविंग एवं ब्लैक-टॉपिंग का कार्य किया जा रहा है। सड़कों को गड्ढामुक्त बनाए रखने के लिए नियमित मेंटेनेंस भी सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्य सड़कों पर सुबह 6 से 7 बजे, दोपहर 3 से 4 बजे तथा देर रात 11 बजे के बाद नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रमुख ट्रैफिक चौराहों पर मिस्ट टावर संचालित किए जा रहे हैं, जिससे हवा में मौजूद धूल कणों को कम करने में सहायता मिल रही है।

धूल नियंत्रण के लिए शहर में मैकेनिकल रोड स्वीपर मशीनों के माध्यम से नियमित मैकेनाइज्ड सफाई की जा रही है। वर्तमान में 23 मैकेनिकल रोड स्वीपर मशीनें प्रतिदिन दो शिफ्ट में संचालित होकर सड़कों की सफाई कर रही हैं। वायु गुणवत्ता सुधार के उद्देश्य से शहर के विभिन्न प्रमुख ट्रैफिक चौराहों पर फव्वारे लगाए गए हैं, जिनमें सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) से शुद्ध किए गए पानी का उपयोग किया जा रहा है। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ जल संसाधनों का बेहतर उपयोग भी सुनिश्चित हो रहा है।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा कि इंदौर में स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। वायु गुणवत्ता सुधार के लिए सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करें तथा निर्धारित एक्शन प्लान के क्रियान्वयन में निरंतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें, ताकि नागरिकों को बेहतर पर्यावरण मिल सके।

# चौराहों पर अब हाई रेजोल्यूशन ड्रोन से नजर



**इंदौर।** ट्रैफिक नियमों को तोड़ने वालों पर अब पुलिस ड्रोन से भी नजर रख रही है। फिर चाहे वह सिग्नल तोड़ना हो या, लेफ्ट टर्न बाधित करना हो या रोड बाधित करना हो। ट्रैफिक पुलिस ड्रोन से चौराहों पर नजर रखने के साथ ही ऐसे वाहन चालकों पर नजर भी रख रही है। ड्रोन कैमरे की मदद से ट्रैफिक पुलिस अब तक पुलिस 111 लोगों पर कार्रवाई कर चुकी है।

दरअसल, अब ट्रैफिक पुलिस ड्रोन के माध्यम से डिजिटल पेट्रोलिंग कर रही है। ये ड्रोन अलग-अलग चौराहों के साथ ही मार्केट में भी चलाया जाता है। जहां पर गाड़ियों की आवाजाही देखने के साथ ही नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई भी की जाती है। ड्रोन पेट्रोलिंग के दौरान दो अलग-अलग टीमें काम करती है। एक जो ड्रोन की लाइव वीडियो देखती है और दूसरी टीम मैदान में रहती है। ट्रैफिक पुलिस कंट्रोल रूम पर मौजूद टीम ड्रोन के लाइव वीडियो देखते है। ये वीडियो कंट्रोल रूम में लगे एलईडी पर चलते हैं। इस दौरान अगर कोई नियम को तोड़ता दिखता है तो तुरंत वायरलेस सेट के माध्यम से चौराहे पर मौजूद टीम को इसकी जानकारी दी जाती है और टीम तुरंत संबंधित गाड़ी चालक को रोक कर कार्रवाई करती है। ये ड्रोन हाई रेजोल्यूशन ड्रोन है, जिसकी मदद से साफ और क्लियर वीडियो नजर आते हैं।

रोड पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले, लेफ्ट टर्न बाधित करने वाले, रॉन्ग साइड गाड़ी चलाने वाले, नो पार्किंग में गाड़ी खड़े करने वाले, दुकानों के बाहर भीड़ जमा कर ट्रैफिक को बाधित करने वालों को चिह्नित कर उनके खिलाफ ट्रैफिक पुलिस कार्रवाई कर रही है। पुलिस कंट्रोल रूम में स्क्रीन पर ड्रोन के माध्यम से पलासिया, गीता भवन चौराहा, इंद्रप्रस्थ चौराहा, इंडस्ट्री हाउस, आनंद बाजार, रीगल आदि चौराहा और इससे लगे प्रमुख रास्तों आदि पर डिजिटल पेट्रोलिंग कर चुकी है। ड्रोन पेट्रोलिंग से नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्वाई करने, जाम या ट्रैफिक बाधित होने की स्थिति बेहतर कंट्रोल करने, एक्सीडेंट की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया व सहायता पहुंचाने में, रात में भी सड़कों व चौराहों पर बेहतर निगरानी करने में सहायता मिलेगी।

# सही खान-पान का अभाव और बदलती जीवनशैली के कारण मोटापे की समस्या तेजी से बढ़ी: संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े

## प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत होगा मोटापे का उपचार

- मोटापे का इलाज अब शासकीय अस्पताल में सर्जरी से आयुष्मान योजना के तहत
- इंदौर के शासकीय महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय में मध्यप्रदेश का प्रथम बेरियेट्रिक एवं मेटाबोलिक क्लिनिक का शुभारंभ



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने कहा कि देश में मोटापे की समस्या तेजी से बढ़ रही है। हर तीसरा-चौथा व्यक्ति इस बीमारी से ग्रस्त है। मोटापा एक ऐसा रोग है जो अपने साथ कई बीमारियों को लेकर आता है। मधुमेह, उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियां मोटापे से ही पनपती है। इस बीमारी का उपचार भी सामान्यतः महंगा है। उपचार में 3-4 लाख रुपये खर्च आता है, जिसका बोझ मध्यवर्गीय परिवार के लिए भी कठिन है। समय रहते मोटापे का उपचार किया जाना चाहिए। संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े आज प्रदेश के सबसे बड़े शासकीय महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय इंदौर के बेरियेट्रिक एवं मेटाबॉलिक क्लिनिक का शुभारंभ अवसर पर अपना संबोधन दे रहे थे। डॉ. खाड़े ने आगे कहा कि सही खान-पान का अभाव और बदलती जीवनशैली के कारण मोटापे की समस्या तेजी से बढ़ती जा रही है। पहले यह समस्या केवल शहरों तक ही सीमित थी, लेकिन अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी बढ़ती जा रही है। डॉ. खाड़े ने कहा कि इंदौर का शासकीय महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय सेवा के क्षेत्र में अच्छे कार्य कर रहा है। यहाँ असाध्य बीमारियों के भी उपचार हो रहे हैं। इस चिकित्सालय में मेडिकल के क्षेत्र में नये-नये रिचर्स के साथ अनुसंधान के कार्य और नवाचार के कार्य भी किए जा रहे है। ऐसे अच्छे कार्यों के लिए यहाँ के डॉक्टर एवं विशेषज्ञ साधुवाद के पात्र है। अब सर्जरी विभाग में मोटापे की समस्या का न केवल बेहतर उपचार होगा, बल्कि यह संदेश प्रदेश और देश में भी फैलेगा। अच्छी बात यह है कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत मोटापे का निःशुल्क इलाज होगा, जिसका लाभ गरीब एवं कमजोर वर्ग के नागरिक भी उठा सकेंगे। संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने बेरियेट्रिक एवं मेटाबोलिक क्लिनिक पर मोटापे से ग्रस्त मरीजों एवं उनके परिजनों से संवाद भी किया।

महात्मा गाँधी मेडिकल कॉलेज के सुपरिटेंड डॉ. अरविन्द घनघोरिया ने कहा कि महात्मा गाँधी चिकित्सालय के सर्जरी विभाग में मोटापे रोग का उपचार बहुत पहले से किया जा रहा है। पूर्व में भी कई मरीज इसका लाभ ले चुके है, अब यहाँ उपचार तेजी से होगा। चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. अशोक यादव, चाचा नेहरू अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अरविन्द शुक्ला ने मोटापा रोग से होने वाली बीमारियां और उसके दुष्प्रभाव के के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने सर्जरी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. राजकुमार माथुर और ओटी असिस्टेंट डॉ. रवीन्द्र पाटीदार सहित डॉ. सुनील बांठिया, डॉ. वल्लभ मूंदड़ा का सम्मान किया। कार्यक्रम में डॉ. ब्रजेश लाहोटी, डॉ. अंकुर माहेश्वरी, डॉ. पूनम माथुर, डॉ. अशोक लड्ढा सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक एवं नागरिक उपस्थित थे।

**ऑपरेशन के बाद 35 किलोग्राम वजन कम हुआ-** मोटापे से ग्रस्त रही महिला श्रीमती सुषमा भिलवारे ने बताया कि 10 वर्ष पूर्व मेरा वजन 103 किलोग्राम था। एमवाय अस्पताल में डॉ. घनघोरिया से संपर्क करने के बाद मेरा उपचार प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत हुआ।

# नदी-नालों में दूषित जल प्रवाहित करने वाली औद्योगिक और अन्य इकाईयों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

## औद्योगिक अपशिष्ट जल के प्रबंधन और प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े विषय पर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर जिले में नदी-नालों में दूषित जल प्रवाहित करने वाली औद्योगिक और अन्य इकाईयों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। निर्देश दिए गए है कि सभी ऐसी इकाईयां अपने-अपने यहां दूषित जल के समुचित निपटारे की व्यवस्था सुनिश्चित करें। वे अपने परिसरों में ईटीपी की स्थापना करें। आवश्यकता के अनुसार औद्योगिक क्षेत्रों में कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (CETP) की स्थापना भी अनिवार्य रूप से की जाए।**



यह जानकारी आज यहां कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में औद्योगिक अपशिष्ट जल के प्रबंधन और प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े विषय पर चर्चा हेतु आयोजित बैठक में दी गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में नमामि गंगे अभियान के तहत प्रदूषण को नियंत्रित करने और अपशिष्ट जल के वैज्ञानिक उपचार की व्यवस्था मजबूत करने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा द्वारा उद्योग प्रतिनिधियों के साथ कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (CETP) की आवश्यकता, केंद्र सरकार की वित्तीय सहायता तथा उद्योगों की भागीदारी को लेकर चर्चा की गई। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने उद्योग प्रतिनिधियों से पर्यावरण संरक्षण को साझा जिम्मेदारी बताते हुए सहयोग करने का आह्वान किया और कहा कि प्रशासन और उद्योगों के संयुक्त प्रयास से औद्योगिक विकास के साथ पर्यावरण संतुलन भी सुनिश्चित किया जा सकता है।

बैठक में बताया गया कि पालदा और कुमेड़ी क्षेत्र में करीब 700 छोटे-बड़े उद्योग संचालित हैं, इन क्षेत्रों में सीईटीपी की अत्यन्त आवश्यकता है। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि इन क्षेत्रों में सीईटीपी की स्थापना की जाए। जरूरत पड़ने पर टैंकरों माध्यम से भी अपशिष्ट जल का परिवहन कर सीईटीपी तक पहुँचाया जाए। पालदा और कुमेड़ी क्षेत्र में नए CETP की आवश्यकता को लेकर चर्चा करते हुए बताया गया कि परियोजना की अनुमानित लागत 66 करोड़ रुपये से अधिक है। उक्त परियोजना के संचालन के लिए केंद्र सरकार द्वारा 60 प्रतिशत राशि दी जाएगी, जबकि शेष 40 प्रतिशत उद्योगों को वहन करनी होगी। उद्योगों की वित्तीय भागीदारी और संचालन-रखरखाव में सहयोग मिलने के बाद ही राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG) द्वारा परियोजना की DPR पर विचार किया जाएगा।

# गौवंश की मौत, बजरंगदल ने छावनी परिषद कार्यालय पर प्रदर्शन किया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। महू में सोमवार को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने छावनी परिषद कार्यालय के बाहर हंगामा किया। यह प्रदर्शन एक मृत गौवंश की खाल निकालने के आरोप और उसके अंतिम संस्कार में परिषद द्वारा मदद न करने के दावे को लेकर किया गया।**

सोमवार सुबह करीब 11 बजे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मृत गौवंश को छावनी परिषद कार्यालय के बाहर रखकर नारेबाजी की। उन्होंने परिषद के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि रविवार रात को एक गौवंश की मौत हो गई थी। इसके बाद छावनी परिषद की स्वास्थ्य शाखा से गौवंश के अंतिम संस्कार के लिए जेसीबी मशीन की मांग की गई थी, लेकिन परिषद के अफसरों ने असमर्थता जताई। सोमवार सुबह छावनी परिषद द्वारा उस मृत गाय को पीठ रोड पर स्थित कमेले में ले जाया गया। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को जैसे ही सूचना मिली कि वहां गाय की खाल निकाली जा रही है, वे आक्रोशित हो गए। बड़ी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता तुरंत कमेले पर पहुंचे। उन्होंने वहां से गाय को उठाया। छावनी परिषद के गेट पर रखकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिला संयोजक शुभम ठाकुर ने बताया कि गाय को दफनाने के दौरान छावनी परिषद द्वारा जेसीबी देकर मदद नहीं की गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि सोमवार सुबह गाय की खाल निकाली जा रही थी, जिसका बजरंग दल ने विरोध किया और धरना दिया।

# छात्र से 17 हजार की वसूली की कोशिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। कनाड़िया क्षेत्र में एक छात्र को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 17 हजार रुपए मांगने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपी पहले भी छात्र से रुपए ले चुका है। इस संबंध में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कनाड़िया पुलिस थाना के अनुसार वैभव नगर निवासी अभिसार कौल की शिकायत पर प्रथम बिल्लोरे के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। अभिसार ने बताया कि उनका बेटा गर्वित पढ़ाई कर रहा है। आरोपी प्रथम बिल्लोरे उनके बेटे से 17 हजार रुपए की मांग कर रहा था। उसके पास गर्वित का सिगरेट पीते हुए वीडियो है, जिसे वायरल करने की धमकी दी जा रही थी। पीड़ित परिवार का आरोप है कि दिसंबर 2025 में भी आरोपी इसी वीडियो के नाम पर पैसे ले चुका है और उस समय भी मारपीट की थी।

# भागीरथपुरा में 30 से ज्यादा बीमार

## जन्मदिन की पार्टी में दूषित भोजन खाने से हुई फूड पाइजनिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भागीरथपुरा में एक बच्चे की जन्मदिन पार्टी में आए मेहमान उल्टी-दस्त का शिकार हो गए, हालांकि इस बार बीमारी की वजह दूषित पानी नहीं, बल्कि दूषित भोजन था। पार्टी में शामिल हुए लोग जब दाल-बाफले खाकर अपने घरों पर पहुंचे तो उन्हें उल्टी-दस्त की शिकायत हुई। इसके बाद वे अलग-अलग स्वास्थ्य केन्द्रों में इलाज कराने गए, राहत की बात है कि कोई गंभीर बीमार नहीं हुआ। साथ ही अस्पताल में भर्ती कराने की नौबत नहीं आई।**



भागीरथपुरा की शुक्ला गली में आकाश मुक्शिया के बेटे का जन्मदिन शनिवार को मनाया गया। उन्होंने अपने रिश्तेदारों और परिचितों को बुलाया था। खाने में दाल-बाफले, लड्डू और अन्य व्यंजन थे। रविवार सुबह कुछ लोगों को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई। मुक्शिया के अनुसार 30 से ज्यादा लोग बीमार हुए, हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने इस मामले में दो केसों की पुष्टि की है। मामला भोजन से जुड़ा होने के कारण खाद्य विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने भोजन के सैंपल लिए हैं। इसके अलावा नगर निगम ने भी पानी के सैंपल लिए हैं। अभी तक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। आकाश ने बताया कि घर पर ही खाना बनाया था। 60 से ज्यादा मेहमानों को बुलाया गया था। खाने में हमने बोरिंग का पानी उपयोग में लिया था। फिलहाल डॉक्टरों ने फूड पॉइजनिंग की बात कही है। आकाश ने कहा कि मेरी पत्नी, भाई और भाभी भी बीमार हैं। उन्हें भी हम सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र में दिखाने ले गए थे। मेहमान शहर के अलग-अलग इलाकों में रहते है, हालांकि सभी की तबीयत ठीक है, चिंता की कोई बात नहीं है। उधर मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हसानी ने कहा कि रविवार को कुछ लोगों को पेट दर्द की शिकायत हुई, भागीरथपुरा की सरकारी डिस्पेंसरी में दो लोग इस शिकायत को लेकर आए थे। बाकी मरीजों के बारे में जानकारी नहीं है।

# सेज यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट की डूबने से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। खुडैल क्षेत्र में दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गए एक छात्र की डूबने से मौत हो गई। रात होने के कारण उसका शव नहीं निकाला जा सका। सुबह पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव बाहर निकालकर जिला अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा। खुडैल पुलिस के अनुसार, सूरज (20) पिता अशोक कुशवाह दोस्तों के साथ खुडैल इलाके के मुहाड़ी फॉल घूमने पहुंचा था। इसी दौरान वह दोस्तों के साथ कुंड में नहाने चला गया। गहराई अधिक होने के कारण सूरज पानी के अंदर डूब गया। साथियों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, लेकिन रात होने के कारण सर्च ऑपरेशन नहीं चलाया जा सका था। सुबह ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया और जिला अस्पताल भेजा गया। सूरज मूल रूप से मुरैना का रहने वाला था और इंदौर में किराए के मकान में रहता था।

# निजी हॉस्टल से 23 युवक जुआ खेलते पकड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भंवरकुआ क्षेत्र स्थित एक निजी हॉस्टल में जुआ खेलने की सूचना पर पुलिस ने छापमार कार्रवाई करते हुए करीब दो दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को यहां लंबे समय से जुआ संचालित होने की शिकायतें मिल रही थीं। आसपास छात्र-छात्राएं किराए से रहते हैं, जिससे क्षेत्र में असामाजिक गतिविधियों को लेकर चिंता बनी हुई थी। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।**



भंवरकुआ थाना के टीआई राजकुमार यादव और उनकी टीम ने गणेश नगर स्थित एक निजी हॉस्टल पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान अंदर 23 युवक ताश के पत्तों पर दांव लगाते हुए मिले। पुलिस के मुताबिक यह जुआ अड्डा भोला कोचले, हरिओम जादौन और समाधान झुमड़े द्वारा संचालित किया जा रहा था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब साढ़े पांच लाख रुपए नकद, छह बाइक और 26 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बताया जा रहा है कि अधिकांश आरोपी नौकरीपेशा हैं और रविवार होने के चलते जुआ खेलने पहुंचे थे। पुलिस के अनुसार हर शनिवार और रविवार यहां बड़े स्तर पर जुआ की बैठक आयोजित होती थी।

# ...तो बिल में 30 फीसदी तक की कमी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** गर्मी में बिजली की खपत बढ़ने से बिजली बिल अधिक आता है, लेकिन कुछ तरीके अपना कर बिजली बिल में कमी की जा सकती है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि एक शोध से यह साबित हुआ है कि एसी का तापमान 26 डिग्री पर सेट करने से बिजली बिल में 30 प्रतिशत तक कमी हो सकती है। शोध के अनुसार, प्रत्येक डिग्री तापमान में वृद्धि के परिणामस्वरूप स्प्लिट एसी की ऊर्जा खपत में 6 प्रतिशत की कमी आती है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अनुसार गर्मियों के दौरान एयर कंडीशनर के लगातार चलने के कारण बिजली का बिल चिंता का एक बड़ा कारण है। लेकिन एयर कंडीशनर का समझदारी से उपयोग करके आप इसे काफी हद तक कम कर सकते हैं। विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा जारी सुझावों में सबसे महत्वपूर्ण है कि एसी को ऊंचे लेकिन आरामदायक तापमान पर चलाना चाहिए।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीसी से ग्वालियर के कृषि मंथन में कृषि वैज्ञानिकों को दिया संदेश

# किसानों को लाभान्वित करने हम खेत से बाजार तक तैयार कर रहे पूरी श्रृंखला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसान हमारे प्रदेश की अर्थव्यवस्था के आधार स्तंभ हैं। इनके अथक परिश्रम से ही हमारे बाजार गुलजार है। हम वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रहे हैं। यह वर्ष प्रदेश के इतिहास में किसानों के हित और समग्र कल्याण के मामले में मील का पत्थर साबित होगा।उन्होंने कहा कि यह वर्ष 'खेत से लेकर कारखाने तक और बाग से लेकर बाजार तक' की पूरी मूल्य संवर्धन श्रृंखला को एक सूत्र में जोड़ेगा।**

इस वर्ष हम कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण और इनमें वैल्यू एडिशन के लिए अधिकाधिक रोजगार आधारित उद्योगों के विकास, उन्नत किस्म के



बीजोत्पादन, पशुपालन, दुग्धोत्पादन, मत्स्योत्पादन में वृद्धि सहित हर वो कदम उठाएंगे, जिनसे खेती और अन्नदाताओं का विकास हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास से कृषि विश्वविद्यालय परिसर, ग्वालियर में हो रहे 'कृषि मंथन एवं कृषि प्रौद्योगिकी मेला 2026' को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना संबंधी कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में तेजी से सिंचाई सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। हमारी सरकार प्रदेश में औषधीय और मसाला फसलों का उत्पादन बढ़ाने के सभी प्रयास कर रही है। हम जल्द ही कृषि उत्पादन निर्यात नीति लाने वाले हैं। हम कृषि में शोध कार्य भी बढ़ायेंगे। उन्होंने कहा कि हम खेती-किसानी और फल-फूलों की खेती को लाभकारी व्यवसाय बनाने के लिए कोई कसर नहीं रखेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस कृषि मंथन से जो अमृत निकलेगा, वह हमें किसानो के कल्याण के लिये प्रभावी और कारगर कदम उठाने में सहायक होगा। 'कृषि मंथन' राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आईसीएआर) नई दिल्ली और कृषि विभाग, म.प्र. शासन के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है। वीडियो कॉफ्रेंसिंग में सचिव कृषि एवं किसान कल्याण विभाग निशांत वरवड़े, सचिव परिवहन एवं आयुक्त जनसम्पर्क मनीष सिंह ने भोपाल से सहभागिता की। यूनिवर्सिटी परिसर में हो रहे इस कृषि मंथन में कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर के कुलगुरू प्रो. (डॉ.) अरविंद कुमार शुक्ला, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, अयोध्या के कुलपति डा. ब्रजेन्द्र सिंह, यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज, धारवाड़, कर्नाटक के कुलपति डॉ. पी.एल पाटिल, भारतीय कृषि प्रणाली अनुसंधान संस्थान, मोदीपुरम, मेरठ के निदेशक डॉ. सुनील कुमार, देश के विभिन्न कृषि संस्थानों से आये वैज्ञानिक, आईसीएआर के पदाधिकारी सहित कृषि अधिकारी भी उपस्थित थे।

# सिंहस्थ 2028 के कामों का डेडलाइन कैलेंडर जारी

### उज्जैन में अधिकांश निर्माण कार्य दिसंबर 2026 तक पूरे करने का लक्ष्य

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। उज्जैन नगर निगम ने सिंहस्थ-2028 से संबंधित निर्माण कार्यों के लिए समयसीमा निर्धारित कर दी है। संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह के निर्देश पर जारी इस कैलेंडर के अनुसार, अधिकांश परियोजनाओं को दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है।**

प्रशासन ने सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को गति देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा नगर निगम में समीक्षा बैठक के बाद यह तय किया था कि सिंहस्थ से जुड़े सभी विकास कार्य निर्धारित समय पर पूरे हों। इसके बाद मेला अधिकारी आशीष सिंह ने प्रत्येक कार्य की डेडलाइन तय कर उसकी नियमित निगरानी के निर्देश दिए।

नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने सड़क चौड़ीकरण, सीसी रोड निर्माण, पुलिया निर्माण,



रिटेनिंग वॉल, बॉक्स कल्वर्ट और सेंट्रल लाइटिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्यों का चरणबद्ध कैलेंडर जारी किया है। इस कैलेंडर में हर परियोजना के लिए अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अब कार्यों को 'दिन नहीं, घंटे' के हिसाब से पूरा कराया जाएगा। सुबह से शाम तक प्रगति की लगातार निगरानी की जाएगी। संभागायुक्त स्वयं बिना पूर्व सूचना के निर्माण स्थलों का औचक निरीक्षण करेंगे ताकि कार्य समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से संपन्न हो सकें।

### दीर्घकालिक पैकेजों के लिए 700 दिन

कुछ प्रमुख परियोजनाओं की समयसीमा इस प्रकार है: जीवनखेड़ी-सिकंदरी मार्ग (MR-21 कनेक्टिविटी) जून से अगस्त 2026 तक, नक्षत्र होटल से पंचमुखी हनुमान मंदिर जून 2026 तक, गऊघाट–ज्ञान सागर-धुर्वे नगर मार्ग जुलाई 2026 तक, जंतर मंतर-रिंग रोड कनेक्टिविटी सितंबर 2026 तक और सांदीपनि चौराहा-उदयन मार्ग दिसंबर 2026 तक पूर्ण किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, गाड़ी अड्डा–वीडी क्लॉथ मार्केट कॉरिडोर मार्च 2027 तक और आरएनटी मार्ग चौड़ीकरण जनवरी 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है। सिंहस्थ-2028 के तहत कुल 22 प्रमुख सड़क/चौड़ीकरण परियोजनाएं शामिल हैं, जिन्हें 60 से अधिक चरणों में विभाजित किया है। अधिकतम परियोजनाओं की डेडलाइन दिसंबर 2026 है, जबकि कुछ बड़े कॉरिडोर जनवरी 2027 तक पूरे होंगे। अधिकांश चरणों की अवधि 100 से 130 दिन निर्धारित की गई है, वहीं कुछ दीर्घकालिक पैकेजों के लिए 700 दिन से अधिक का समय दिया गया है।

# ब्यूटीशियन को नशा देकर रेप धर्म बदलने का दबाव बनाया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** शहर की 21 वर्षीय ब्यूटीशियन ने भोपाल में 3 लोगों के खिलाफ रेप और एक महिला पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाने की एफआईआर कराई है। पुलिस ने मुख्य आरोपी अमरीन, उसकी छोटी बहन आफरीन और उसके दोस्त चंदन यादव को गिरफ्तार कर लिया है। ब्यूटीशियन के साथ एक 32 वर्षीय महिला भी थाने पहुंची थी, उसने पुलिस को बताया कि चंदन ने रेप करने के बाद उसका धर्म परिवर्तन कराया था। उसे बुर्का पहनवाया और नमाज भी पढ़वाई।

ब्यूटीशियन रविवार रात अपने मामा के साथ बागसेवनिया थाने पहुंची थी। उसने पुलिस को बताया कि 31 दिसंबर 2024 को शाहपुरा स्थित एक होटल में दोस्त की बर्थडे पार्टी में उसकी मुलाकात एक युवती से हुई। बाद में दोनों साथ रहने लगीं। जनवरी 2025 में वे बागसेवनिया में रहने वाली अमरीन उर्फ माहिरा के पास शिफ्ट हो गईं। कुछ समय बाद पीड़िता को पता चला कि उसकी सहेली ने अमरीन के कहने पर धर्म परिवर्तन कर उसके भाई से शादी कर ली है। ड्रग्स की लत लगाने के आरोप भी पीड़िता ने लगाए हैं।

पीड़िता का आरोप है कि अगस्त 2025 में अमरीन का करीबी चंदन यादव बहन से मिलाने के बहाने ले गया। उसने धमका कर रेप किया। बदनाम करने की धमकी देकर चुप करा दिया। इसके बाद अलग-अलग समय पर कई बार रेप किया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि उसे छोटे कपड़े पहनाकर शहर के पब-लाउंज में ले जाया जाता था। अनजान लोगों से मेल-जोल का दबाव बनाया जाता था। इसी दौरान उस पर धर्म परिवर्तन करने के लिए दबाव डाला गया। नवंबर 2025 में अमरीन उसे गांधी नगर स्थित अब्बास नगर में अपने परिजन से मिलाने ले गई। आरोप है कि वहां अमरीन के भाई बिलाल ने चाय में नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोशी की हालत में दुष्कर्म किया। दिसंबर 2025 में अमरीन पीड़िता को निजी काम का हवाला देकर अहमदाबाद ले गई। वहां यासिर नामक युवक से मिलवाया। पीड़िता का आरोप है कि वहां भी उसके साथ दुष्कर्म किया गया। जनवरी 2026 में वह भोपाल छोड़कर छत्तीसगढ़ अपने मामा के घर चली गई।

# मप्र में रोजगार सहायकों का नहीं होगा ट्रांसफर-टर्मिनेशन, हाईकोर्ट ने लगाई रोक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सोमवार को ग्राम रोजगार सहायक मार्गदर्शिका 2025 पर भी रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने सरकार आदेश दिया है कि आगामी आदेश तक किसी भी रोजगार सहायक का ट्रांसफर और टर्मिनेशन नहीं होगा। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर 4 सप्ताह में जवाब मांगा है। अधिवक्ता गोपेश तिवारी ने बताया कि हाईकोर्ट ने सरकार की मार्गदर्शिका के क्रियान्वयन पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। यह आदेश मनरेगा कमिश्नर, प्रिंसिपल सेक्रेटरी, वल्लभ भवन और हर जिले के कलेक्टर को भेजा जा रहा है, ताकि कहीं भी रोजगार सहायक का ट्रांसफर ना हो सके।



अधिवक्ता तिवारी के मुताबिक राज्य सरकार ने एक नई मार्गदर्शिका जारी कर रोजगार सहायकों के टर्मिनेशन और ट्रांसफर नीति निर्धारित की थी। हालांकि, इस नीति का क्रियान्वयन अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है।

# बाघ मृत्यु संबंधी अपडेट वेबसाइट पर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में वन विभाग बाघों और उनके प्राकृतिक आवास की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। प्रदेश में प्राकृतिक एवं अप्राकृतिक कारणों से होने वाली बाघ मृत्यु की प्रत्येक घटना पर केंद्र सरकार के राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (नई दिल्ली) तथा मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक, मध्यप्रदेश द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप विधिवत कार्रवाई की जाती है संरक्षण प्रयासों में और अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए विभाग ने वर्ष 2025 एवं वर्ष 2026 (15 फरवरी तक) में घटित सभी बाघ मृत्यु प्रकरणों से संबंधित जानकारी आमजन की जानकारी के लिये विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। भविष्य में भी इस जानकारी को समय-समय पर अद्यतन किया जाएगा यह कदम पारदर्शिता को सुनिश्चत करने के साथ ही 'टाइगर स्टेट' की गौरवपूर्ण पहचान को और अधिक सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### सरसों पर भी भावांतर देगी मप्र सरकार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार अब सरसों पर भी भावांतर योजना लागू करने जा रही है। विधानसभा के बजट सत्र के छठवें दिन सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसका ऐलान किया। उन्होंने ये भी कहा कि मूंग की बजाय उड़द के उत्पादन पर हमारा फोकस है इसीलिए बोनस देने का फैसला किया है। सरकार किसान को ऊर्जा दाता बनाने के लिए भी संकल्पित है। वहीं, पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा- राज्य सरकार विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन- ग्रामीण योजना को लेकर नियम बनाएगी, जो सदन में रखे जाएंगे।

## संपादकीय

### पश्चिम एशिया की बिसात पर 'भारत' का मास्टरस्ट्रोक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसे समय में इजरायल की यात्रा पर जा रहे हैं, जब ईरान पर अमेरिकी हमले का खतरा मंडरा रहा है। लेकिन,फिर भी पीएम मोदी वहां जा रहे हैं तो इसका न सिर्फ भारत और इजरायल के आपसी संबंधों के लिए खास महत्त्व है, बल्कि यह पूरे पश्चिम एशिया से लेकर खाड़ी देशों और यहां तक कि दक्षिण एशिया तक के जियोपॉलिटिक्स को प्रभावित करने वाला दौरा साबित हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजरायल यात्राके दौरान दोनों देशों के बीच सिक्योरिटी पैक्ट के रिन्यूअल की संभावना है। हमारे सहयोगी अंग्रेजी अखबार ET को जानकारी मिली है कि द्विपक्षीय सुरक्षा संधि को आगे बढ़ाने के लिए चल रही बातचीत में पीएम मोदी की यात्रा के दौरान फाइनल मुहर लग सकती है। भारत और इजरायल आतंकवाद को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जड़ से उखाड़ फेंकने की मुहिम में मिलकर जुटे हुए हैं और इस मसले पर दोनों ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रखी है। गौर करने वाली बात है कि प्रधानमंत्री के इजरायल जाने के कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा संयुक्त अरब अमीरात(UAE) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के भारत दौरे के फौरन बाद की गई है। इस यात्रा में भारत और यूएई ने द्विपक्षीय रक्षा समझौता किया है। पहले यूएई के साथ डिफेंस पैक्ट और फिर इजरायल के साथ सिक्योरिटी पैक्ट को नए सिरे से ढालने के रणनीतिक मायने समझने होंगे। एक तरफ सऊदी अरब और यूएई में तनातनी बढ़ी हुई है। सऊदी अरब ने पाकिस्तान के साथ रक्षा समझौता किया है। जो भारत के लिए चिंता का विषय है। ऐसे में भारत-इजरायल और यूएई के बीच त्रिपक्षीय संबंध में मजबूती से क्षेत्र में रणनीतिक संतुलन स्थापित हो सकता है। अब्राहम एकॉर्ड के माध्यम से यूएई और इजरायल पहले से ही रणनीतिक, आर्थिक और टेक्नोलॉजी साझेदारी को मजबूत कर रहे हैं। जहां तक भारत की बात है तो इजरायल और यूएई दोनों देशों के साथ विभिन्न क्षेत्रों में पारस्परिक रिश्ते मजबूत हो रहे हैं। यह तीनों ही देश I2U2 और IMEC के भी हिस्सा हैं। I2U2 के तहत भारत, इजरायल, यूएई और अमेरिका के बीच एक रणनीतिक साझेदारी है, जो आर्थिक सहयोग, टेक्नोलॉजी, स्वच्छ ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता पर फोकस करती है। जबकि, इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप कॉरिडोर (IMEC) नई दिल्ली में जी20 समिट में बना है, जिसके अलग जियोपॉलिटिकल मायने हैं।

Health is Wealth

# क्या एयर फ्रायर के इस्तेमाल से बढ़ रहा है कैंसर का रिस्क?

## ऑन्कोलॉजिस्ट ने बताया पूरा सच!



आजकल हेल्दी कुकिंग के नाम पर एयर फ्रायर लगभग हर रसोई का हिस्सा बन चुका है। एयर फ्रायर का सबसे बड़ा फायदा है कि इसमें कम तेल में ही वो सारे फूड्स बन जाते हैं, जिन्हें तेल में डीप फ्राई करने की जरूरत पड़ती है। हालांकि एयर फ्रायर को ले कर सोशल मीडिया पर एक दावा किया जा रहा है, जिसने लोगों के बीच डर बैठा दिया है। दावे के मुताबिक एयर फ्रायर में बना खाना कैंसर का कारण बन सकता है। इसके पीछे की वजह बताई जाती है कि एयर फ्रायर में बने फूड में एक्रिलामाइड नाम का कंपाउंड बनता है, जो कैंसर को जन्म दे सकता है। अब सवाल है कि क्या वाकई इस दावे में कुछ सच्चाई है या नहीं? कैंसर विशेषज्ञ डॉ वर्तिका विश्वनी ने इसी बारे में बताया है। आइए जानते हैं-

### सबसे पहले समझें एयर फ्रायर का साइंस

एयर फ्रायर में बना फूड सेहत के लिए नुकसानदायक है या नहीं, ये जानने से पहले समझना जरूरी है कि एयर फ्रायर काम कैसे करता है। दरअसल एयर फ्रायर ओवन का मिनी वर्जन है, जिसमें एक फैन लगा हुआ होता है। ये फैन गर्म हवा को 160-200 C टेंपरेचर पर सर्कुलेट करता है, जिससे फूड फ्राई होता है। जब ये हॉट एयर फूड के संपर्क में आती है, खासतौर से स्टार्ची फूड के, तो मैइलार्ड रिएक्शन से ब्राउनिंग होती है और एक्रिलामाइड बनता है। इसी एक्रिलामाइड से कैंसर का खतरा बताया जाता है।



### ● क्या एयर फ्रायर में बने एक्रिलामाइड से कैंसर होता है ?

ऑन्कोलॉजिस्ट बताती हैं कि एक्रिलामाइड को ग्रुप 2A कार्सिनोजेनिक कैटिगरी में रखा गया है। जिसका मतलब है कि इंसानों में ये कैंसर का कारण बन सकता है, हालांकि ये अभी तक पूरी तरह साबित नहीं हो पाया है। जो भी रिसर्च अभी तक हुई हैं वो चूहों पर हुई हैं, जिन्हें हाई डोज में एक्रिलामाइड दिया गया था। यहां ध्यान देने वाली बात है कि एयर फ्रायर वाले फूड में काफी कम मात्रा में एक्रिलामाइड बनता है, जो तेल में तले हुए फूड से भी कम होता है।

### सिर्फ एयर फ्रायर में ही नहीं बनता एक्रिलामाइड

डॉ. वर्तिका कहती हैं कि एक्रिलामाइड सिर्फ एयर फ्रायर में ही नहीं बनता है, बल्कि आप जो भी फूड तेल में तलते हैं, जैसे पकोड़ा, समोसा, ब्रेड पकोड़ा, सभी में बनता है। इसके अलावा बेकिंग और रोस्टिंग के दौरान भी एक्रिलामाइड बनता है।

### एयर फ्रायर में फूड बनाते हुए ध्यान रखें ये बातें

डॉ वर्तिका कहती हैं कि एयर फ्रायर में फूड बनाना डीप फ्राई करने से कहीं बेहतर है। इसमें तेल भी कम लगता है, टाइम भी कम लगता है और सिर्फ सर्फेस हीटिंग होती है, ना कि अंदर का स्टार्च कुक होता है। इसलिए डीप फ्राई की जगह आप बेझिझक एयर फ्रायर का इस्तेमाल कर सकते हैं। हालांकि फूड को बहुत ज्यादा ब्राउन ना करें, सिर्फ गोल्डन होने तक पकाएं। ज्यादा जले हुए फूड में एक्रिलामाइड की मात्रा भी ज्यादा बनती है।

Uttarpradesh

# मेरठ में कपड़ा कारोबारी के मकान में लगी भीषण आग महिला और उसके तीन बच्चों समेत छह की जलकर मौत

**मेरठ, (एजेंसी) लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के किदवई नगर इस्लामाबाद में सोमवार रात एक कपड़ा कारोबारी के घर में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से झुलसने और दम घुटने के कारण एक ही परिवार के पांच बच्चों और एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।**

किदवई नगर इस्लामाबाद की गली नंबर-3 में स्थित यह तीन मंजिला मकान कपड़ा कारोबारी इकबाल अहमद का है। इस मकान में उनके दो बेटों,



आसिम और फारूक के परिवार भी साथ रहते हैं। मकान के प्रथम तल पर आई संस एम्ब्रॉयडरी का कारखाना संचालित होता है, जहां पावरलूम के जरिए धागों से कपड़ा तैयार किया जाता है जबकि दूसरी मंजिल पर परिवार निवास करता है।

हादसे के वक्त इकबाल अहमद और उनके दोनों बेटे आसिम व फारूक तरावीह की नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद गए हुए थे। घर पर इकबाल की पत्नी अमीर बानो, आसिम की पत्नी रुखसार, उनका 3 वर्षीय बेटा अकदस, 6 माह की जुड़वां बेटियां नबिया व इनायत और फारूक की बेटी महविश व बेटा हम्माद मौजूद थे। रात करीब 9:30 बजे अचानक घर में आग लग गई। देखते ही देखते लपटें विकराल हो गई और पूरी इमारत धुएं के

New Delhi

## ऐक्टिव हो रहा एक नया पश्चिम विक्षोभ, 12 राज्यों में बारिश का अलर्ट



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** फरवरी जाते-जाते मौसम में भी तेजी से बदलाव हो रहा है। फरवरी महीन में ही इतनी तेज धूप निकल रही है कि गर्मी का एहसास होने लगा है। पहाड़ी इलाको में अब बर्फबारी भी कम हो रही है। वहीं उत्तर भारत के कई राज्यों में बीते दिनों हल्की बूंदा-बांदी हुई है। जम्मू-कश्मीर में भी अधिकतम तापमान इस बार रिकॉर्ड तोड़ रहा है। वहीं राजधानी दिल्ली में अभी से पारा 30 के पार पहुंच गया है। वहीं पूर्वोत्तर और दक्षिण के राज्यों में गरज-चमक के साथ बारिश का अनुमान है।

मौसम विभाग ने कहा है कि बिहार और झारखंड के कुछ जिलों में सुबह कोहरा छाया रहेगा। वहीं उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में एक कमजोर वेस्टर्न डिस्टर्बेंस ऐक्टिव हो रहा है। इसकी वजह से बर्फबारी और हल्की बारिश की संभावना है। वहीं दक्षिण के राज्यों में तेज हवाओ के साथ बारिश हो सकती है। 24 से 26 फरवरी तक ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ में भी बूंदाबांदी हो सकती है। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर, झारखंड. पश्चिम बंगाल, अरुणाचल, असम, मेघालय, सिक्किम, तेलंगाना और महाराष्ट्र के कुछ इलाकों में हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा है कि पंजाब के कुछ इलाकों में सुबह कोहरा देखा जाएगा। इसके अलावा तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है। पंजाब और हरियाणा में फिलहाल बारिश की सभावना नहीं है। पश्चिम बंगाल के कई जिलों में हल्की बारिश हो सकती है।

New Delhi

## मयूर विहार इलाके के मॉल की पार्किंग में कार से मिला शव, मौत की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के मयूर विहार इलाके में स्थित एक मॉल की पार्किंग में एक कार के अंदर एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और मौत के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। जानकारी के मुताबिक, मयूर विहार स्थित स्टार सिटी मॉल की पार्किंग में खड़ी एक कार से शव मिला है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार से एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ। दिल्ली पुलिस के अनुसार, 'पीड़ित की पहचान नोएडा के इलाहाबास निवासी नरेंद्र के रूप में हुई है। मौत का कारण नेचुरल लग रहा है। सीसीटीवी फुटेज से पता चलता है कि वह कार के अंदर बैठा था और शायद उसे हार्ट अटैक आया था।' दिल्ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है। उसकी मौत दम घुटने से हुई है या उसे अटैक आया, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो पाएगा।

Uttarakhand

## 153 पाकिस्तानी समेत 159 हिंदू शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता, सिंध-बलूचिस्तान से आए

**देहरादून, (एजेंसी)** उत्तराखंड में नागरिकता संशोधन कानून के तहत बड़ी पहल होने जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को घोषणा की कि सिटिजनशिप अमेंडमेंट ऐक्ट 2019 (सीएए) के तहत राज्य में रह रहे 159 हिंदू शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता प्रदान की जाएगी। इसके अलावा अमित शाह के सात मार्च को उत्तराखंड दौरे के दौरान कार्यक्रम में सम्मानित भी किया जाएगा।

नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 के तहत केंद्र सरकार ने 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में शरण लेने आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को नागरिकता देने का प्रावधान किया है। यह कानून विशेष रूप से अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश में धार्मिक उत्पीड़न का सामना कर चुके




अल्पसंख्यक समुदायों को राहत देने के उद्देश्य से लाया गया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने कानून में संशोधन कर वर्षों से भारत में रह रहे शरणार्थी परिवारों की समस्याओं का समाधान किया है और उन्हें सम्मानजनक जीवन का अधिकार देने की दिशा में ठोस कदम उठाया है।

खेल

# टी20 में रनों के लिहाज से वेस्टइंडीज की दूसरी बड़ी जीत, जिम्बाब्वे को हराया

**मुंबई, (एजेंसी)** शिमरॉन हेटमायर की शानदार बल्लेबाजी के बाद गुडाकेश मोती की अगुआई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से वेस्टइंडीज ने टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में जिम्बाब्वे को 107 रनों से हराया। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 254 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 17.4 ओवर में 147 रन पर ऑलआउट हो गई। जिम्बाब्वे के लिए ब्रैड इवांस ने अंत में विस्फोटक बल्लेबाजी की, लेकिन वह भी टीम को जीत नहीं दिला सके। यह टी20 में वेस्टइंडीज की रनों के लिहाज से दूसरी बड़ी जीत है। इससे पहले उसने 2024 में युगांडा को 134 रनों से हराया था।

वेस्टइंडीज की धमाकेदार जीत से ग्रुप-1 की अंक तालिका में बड़ा फेरबदल हुआ है। वेस्टइंडीज की टीम शीर्ष पर पहुंच गई है और उसका नेट रन रेट +5.350




है। वहीं, दूसरे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका की टीम है जिसका नेट रन रेट +3.800 है। भारतीय टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था और उसका नेट रन रेट -3.800 है और तीसरे स्थान पर है। मालूम हो कि ग्रुप से शीर्ष दो टीमें ही सेमीफाइनल में प्रवेश कर सकेंगी। बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की बल्लेबाजी बेहद खराब रही। गुडाकेश मोती और अकील हुसैन के फिरकी के जादू से वेस्टइंडीज ने मैच में पकड़ बना ली। बाएं हाथ के स्पिनर मोती (28 रन पर चार विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के सामने जिम्बाब्वे की पारी पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल सकी। जिम्बाब्वे की ओर से ब्रैड इवांस ने 21 गेंद में पांच छक्कों और दो चौकों से सर्वाधिक 43 रन बनाए। उनके अलावा डियोन मायर्स (28) और कप्तान सिकंदर रजा (27) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। जिम्बाब्वे की बल्लेबाजी इस कदर खराब रही कि उसके चार बल्लेबाज तो खाता भी नहीं खोल सके। वेस्टइंडीज के लिए मोती के अलावा बाएं हाथ के स्पिनर हुसैन ने 28 रन देकर तीन, जबकि मैथ्यू फोर्ड ने 27 रन देकर दो विकेट चटकाए। शिमरॉन हेटमायर और रोवमैन पोवेल के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से वेस्टइंडीज ने टूर्नामेंट के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया। जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया, लेकिन वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने इसे गलत साबित करने में ज्यादा देर नहीं लगाई। इस दौरान दो बार हेटमायर के कैच छूटे, लेकिन उन्होंने इस जीवनदान का पूरा फायदा उठाया। हेटमायर ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान 34 गेंद में सात छक्कों और इतने ही चौकों की मदद से 85 रन की पारी खेलने के अलावा पोवेल (59 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 52 गेंद में 122 रन की साझेदारी करके वेस्टइंडीज को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

सिनेमा

## तमन्ना भाटिया से 'शुगर' कॉस्मेटिक्स की CEO बोलीं- आप शार्क टैंक में होतीं तो सारे निवेश आपमें लगा देती



बॉलीवुड में ऐसे सितारों की कोई कमी नहीं जो एक्टिंग के साथ-साथ अलग-अलग तरह के बिजनेस में भी अपनी पहचान बनाने में जुटे हुए हैं। हाल ही में तमन्ना भाटिया ने भी इस लिस्ट में अपनी जगह बनाई है जिसमें उन्होंने 'तमन्ना फाइन ज्वेलरी' नाम से अपना खुद का प्रीमियम ज्वेलरी ब्रांड लॉन्च किया है। हाल ही में एक बातचीत में तमन्ना ने भारत में कई सेलिब्रिटी-आधारित ब्रांड की असफलता पर बात करते हुए कहा कि खुद को वैसी असफलता से बचाने के लिए अपने ब्रांड के साथ शुरू से अंत तक गहराई से जुड़ी रहने के लिए तैयार हैं। 'शुगर' कॉस्मेटिक्स की सीईओ और को-फाउंडर विनीता सिंह के पॉडकास्ट पर बातचीत करते हुए तमन्ना ने कहा, 'मैं खुद को एक सेलिब्रिटी के रूप में नहीं देखती जो ब्रांड बना रही है। मैं खुद को एक फाउंडर के रूप में देखती हूं जो इस ब्रांड को खड़ा करने की कोशिश कर रही है। कोई भी सिर्फ मेरे चेहरे के लिए इस तरह के महंगे उत्पाद में पैसा नहीं लगाएगा। मैं प्रॉडक्ट के प्रति ईमानदार हूं और अगर मेरा मकसद सिर्फ पैसा कमाना होता तो मैं कोई और कैटिगरी चुन सकती थी। मैं इसकी जगह कोई ऐसा प्रॉडक्ट बना सकती थी जो बहुत फेमस होता और लोगों को खूब बिकता।'

## Highlights

1. 6 hospitalised after eating contaminated food in Indore where 22 people died earlier
2. Rajasthan govt transfers 21 IPS officers
3. India unveils MANAS 1 AI model for EEG brain analysis
4. Drug shortage crisis at Mumbai hospital sparks patient distress
5. Mumbai's Versova residents protest tree felling for coastal road

# Canva acquires more AI firepower in a creative war against Adobe and Apple

**NEW DElHI, (Agency).** Tech companies rarely embark on a parade of successful acquisitions as Canva, a global visual communication platform, has, over the past few years. The company has now added to that with the acquisitions of MangoAI and Cavalry, which will undoubtedly plug into what is already a comprehensive suite of tools underpinned by utilitarian artificial intelligence (AI). Cavalry is a UK-based 2D animation platform, while MangoAI is a US-based early-stage startup developing video-advertising optimisation tools.



"We've always believed creative tools should be accessible to everyone, and we're seeing that reflected in how the design community is responding. Affinity has already surpassed five million downloads in just a few months. Now, with Cavalry joining Canva, we're taking another big step toward helping professional designers break free from bloated and expensive tools, bringing everything from vector to motion design into one powerful creative suite," said Cliff Obrecht, co-founder and chief operating officer, Canva.

"With the acquisition of MangoAI, we're also doubling down on building powerful new products for marketing and creative teams. Building on MagicBrief, MangoAI's algorithms and learning loops will power the next generation of our AI-driven marketing products, laying the foundations for a new era where performance data continuously improves and adapts creative in real time," he added.

Canva has reported an active base of 265 million users, of which 31 million are paid users. It clocked $4 billion in annualised revenue, which is up 36% year-on-year. The release of Canva AI and the additions since then have strengthened Canva's foundation as it competes with Adobe's popular suite and Apple's recently released Creator Studio.

# Bharti Airtel to invest ₹20,000 crore in NBFC unit to step up digital lending

**NEW DElHI, (Agency).** Shares of India's IDFC First Bank Ltd. fell by a fifth on Monday after ₹590 crore fraud was detecte

Bharti Airtel Ltd. plans to invest ₹20,000 crore into its financial services units over the next few years, as India's second largest telecom operator looks to step up digital lending.

The billionaire Sunil Mittal-led company will contribute 70% of the ₹20,000-crore infusion into Airtel Money,




which secured an NBFC licence from Reserve Bank of India on 13 February, according to an exchange filing on Monday (23 February 2026). Bharti Enterprises Ltd. will pool in the rest. The move "will leverage the large Airtel customer base to build the next growth engine for the company andfurther diversify its portfolio".Airtel's expansion comes as competition intensifies in India's non-bank financial services space dominated by Bajaj Finance Ltd.

# रिहा होने पर बदमाशों ने बनाया खुली जेल का वीडियो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। संयोगितागंज क्षेत्र स्थित जिला जेल की खुली जेल से दो बदमाशों का बाहर निकलते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने से हड़कंप मच गया है। दोनों ने जेल परिसर से बाहर निकलते समय वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। मामले की जानकारी मिलते ही जेल प्रशासन ने पुलिस को सूचित किया है।

पुलिस के अनुसार वायरल वीडियो में दिख रहे आरोपियों की पहचान गर्वित उर्फ काका पुत्र लक्ष्मण और आदित्य उर्फ बिल्लू पुत्र मनोज भूरिया के रूप में हुई है। जांच में सामने आया है कि वीडियो करीब 10 दिन पहले रिकॉर्ड किया गया था। बताया जा रहा है कि खुली जेल के गेट पर गार्ड के हटने के दौरान दोनों ने यह वीडियो बनाया। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपी पहले भी आपराधिक मामलों में जेल जा चुके हैं। वीडियो सामने आने के बाद जेल प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया है। जिला जेल अधीक्षक जवाहर मंडलोई ने मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह को कार्रवाई के लिए पत्र भेजा है। साथ ही संयोगितागंज थाना पुलिस को आरोपियों की जानकारी देकर आवश्यक कार्रवाई के लिए कहा है। वीडियो सामने आने के बाद संयोगितागंज पुलिस और क्राइम ब्रांच आरोपियों की तलाश में जुट गई है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले भी एक वीडियो सामने आया था, जो इंदौर जिला जेल का बताया जा रहा था, लेकिन जांच में वह वीडियो भोपाल जेल का निकला था।



# बाइक रैली निकालने पर आयोजक पर कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। आजाद नगर पुलिस ने बिना अनुमति बाइक रैली निकालने के मामले में युवराज पुत्र शिलादित्य निवासी ग्राम जामनिया के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की है। रैली के कारण क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई थी। पुलिस के अनुसार डेली कॉलेज परिसर के बाहर बड़ी संख्या में बाइक राइडर्स रैली के लिए रेडी पोजीशन में खड़े थे। इसके बाद रैली कॉलेज से निकलकर चौराहे तक पहुंची, जहां यातायात प्रभावित हुआ और जाम लग गया। मौके पर मौजूद बाइकर्स ने पुलिस को बताया कि यह रैली “इंडिया बाइक बिक” के नाम से आयोजित की गई थी, जिसका आयोजन युवराज द्वारा किया गया था। रैली डेली कॉलेज से सीधे जामनिया तक प्रस्तावित थी। पुलिस के मुताबिक युवराज हर सप्ताह विभिन्न पिकनिक स्पॉट पर ट्रैकिंग और राइडिंग के लिए युवाओं को आमंत्रित करते हैं। हालांकि इस बार निकाली गई रैली के लिए थाने से किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं ली गई थी। इस संबंध में टीआई लोकेश भदौरिया ने बताया कि बिना अनुमति सार्वजनिक रैली निकालना नियमों का उल्लंघन है, इसलिए युवराज के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में इस तरह के आयोजनों के लिए पूर्व अनुमति अनिवार्य होगी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक